निगम कमिश्नर रोहित व्यास ने सी मार्ट से की शॉपिंग और पेमेंट किया डिजिटल मोड से छत्तीसगढ़ के अलग-अलग स्थानों के उत्पादों का बेहतर संग्रह है सी मार्ट घरेलू जरूरत के मुताबिक सभी सामग्री है मौजूद, भिलाई में खरीदारी के लिए सबसे उपयुक्त जगह

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के पावर हाउस चौक के समीप सी मार्ट लोगों को उनकी जरूरत के हिसाब से सस्ती दरों पर सामग्री उपलब्ध करा रहा है। घरेलू जरूरतों को देखते हुए तथा अन्य आवश्यकता के मुताबिक सारी चीजें यहां मौजूद है। नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सी मार्ट के प्रोडक्ट की जानकारी ली और इसके उत्पादों की सराहना की। उन्होंने स्वयं सी मार्ट से अपनी जरूरतों के लिए सामग्री खरीदी की और डिजिटल मोड से पेमेंट किया। आयुक्त ने परिसर में ही निर्मित फूड स्टॉल तथा धन्वंतरी योजना के तहत संचालित मेडिकल स्टोर्स का भी अवलोकन किया और उपलब्ध दवाइयों की जानकारी ली। सी मार्ट में उत्पादों की बात करें तो जगदलपुर , सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, बालोद, राजनांदगांव, कवर्धा, दुर्ग, रायपुर, धमतरी, बिलासपुर, कोरबा, कटघोरा, रायगढ़, धर्मजयगढ़, बलरामपुर, सरगुजा, मनेंद्रगढ़, कोरिया, जसपुर आदि शहरों से निर्मित हर्बल प्रोडक्ट सी मार्ट में मौजूद है। सी मार्ट में मानो पूरे छत्तीसगढ़ के प्रोडक्ट विक्रय के लिए शामिल है। बेहतर संग्रह के साथ इस मार्केट में जरूरत से संबंधित सारी चीजें मिल रही है। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े व सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर मौजूद रहे।